# कहां है स्वच्छ भारत अभियान

### खेरमाई मंदिर में लगेगी भक्तों की भीड़, परंतु सड़कों की हालत दयनीय, कहां गया नगर विकास का पैसा ?




**गोटेगांव, देशबन्धु।** कुछ गंदगी को उसी नाला में छोड़ कर सफाईकर्मी अपने दायित्व का निर्वहन कर देते हैं परंतु देखरेख करने वाला कोई नहीं ऐसे ही चल रही है सफाई व्यवस्था जो नगर में ऑक्सीजन पर टिकी है जिसकी नगर में सर्वत्र चर्चा का विषय बनता जा रहा है। मोदी के स्वच्छ भारत अभियान को संबंधित विभाग मुंह चिढ़ा रहा है। इसकी जांच जरूरी है।

नगर के मध्य पथरहा कुआं से खेरमाई के दर्शन को जाने वाली सड़क भी वर्षों से बदहाल पड़ी है जो अभी तक नहीं बन पाई है ऐसे हो रहा है नगर विकास जो देखने लायक है नगर में विकास में कई विसंगतियां देखने को मिल रही हैं जो जन चर्चा का विषय है। जगह जगह इस नगर विकास को चर्चा हो रही है।

एक नागरिक ने नाम ना छापने की शर्त पर बताया कि नगर विकास के लिए शासन द्वारा दो करोड़ रुपया की राशि आई थी उसका क्या हुआ? आज तक किसी को पता नहीं लिहाजा ये हुआ ना खुदा ही मिला न विसाले सनम। ना विकास हुआ ना पैसा लगा फिर राशि कहां है यह समझ से परे हैं।कुछ नालियां अभी नगर और बनना है सड़क भी निर्मित होना है आखिर क्या हालत हो गई है हमारे गोटेगांव शहर की जो प्रदेश से लेकर केंद्र में तक प्रसिद्ध है उसका बंटा धार होता जा रहा है मगर किसी भी जवाबदार जनप्रतिनिधि या शासन की इस ओर नजर नहीं जा रही है ।

नगर का दुर्भाग्य ही है कि नगर में सैकड़ों से घूमने वाले आवारा जानवर भी शहर की सुंदरता को ग्रहण लगाने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहे हैं जिसकी जवाबदारी भी संबंधित विभाग की बनती है मगर अफसोस कि बात है इस विभाग की हाका गैंग भी निष्क्रिय है।

वार्ड में जनता के द्वारा चुने गए जनप्रतिनिधि भी उदासीन बने बैठे है और शासन भी इन आवारा पशुओं के लिए अभी तक कोई कानून नहीं बना पाया है जिससे नगर वासियों और सड़कों पर यात्रा कर रहे यात्रियों को दुर्घटना का सामना करना पड़ता है इन आवारा पशुओं से आए दिन नगर में दुर्घटनाएं हो रही हैं ।असमय लोग काल कवलित हो रहे हैं इन सबके बावजूद शासन प्रशासन कुंभकर्णी निद्रा में मस्त है। जिनकी जवाबदारी बनती है वह भी खामोश है। शासन इन समस्याओं से नगर वासियों को कब निजात दिलाएगा?

# यात्री प्रतीक्षालय का लोकार्पण



**पिपला नारायणवार, देशबन्धु।** जनता जनार्दन की मांग पर ग्राम गांगतवाड़ा में नवीन यात्री प्रतिक्षालय का लोकार्पण भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड के द्वारा किया गया ।

इस शुभ अवसर पर सौसर जनपद पंचायत अध्यक्ष संजय भुते, सौसर जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, नारायण वाडोदे, जनपद पंचायत सौसर के सदस्य प्रतिभाताई उईके, सरपंच सुधाकर सनेसर, पीपला नारायणवार भाजपा मंडल के अध्यक्ष सदानंद डोंगरे, गांगधार भोंगड़े, सुधाकर येमदे, शांताराम जुनघरे , सुनील भोंगड़े, सुरेश ढोक, मनोज भोंगड़े ,नीलेश येमदे, सुनील कडू , सुमित भोंगड़े जी साहित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।



# नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**छपारा, देशबन्धु ।** सिवनी जिले के छपारा जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत गंगई रैयत भीमगढ़ कॉलोनी के भगत सिंह खेल मैदान में नाइट टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की गई ।

जिसमें स्टार एलेवन अरी ने खिताब पर कब्जा जमाया, इससे पहले सेमीफाइनल मैच भवानी एलेवन खापा ओर स्टूडेंट क्लब भीमगढ़ के मध्य खेला गया जिसमें भवानी एलेवन खापा ने मैच जीतकर फाइनल में जगह बनाई फाइनल मैच स्टार एलेवन अरी और भवानी एलेवन खापा के मध्य खेला गया ।

जिसमें पहले बल्लेबाजी स्टार एलेवन अरी ने 8ओवर, 4विकिट 89 रन बनाया, जबकि भवानी एलेवन खापा 4 विकिट पर 71 ही रन बना पाई, मुख्य अतिथि, कान्हा राय, आदित्य बंसल ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवपाल सिंह ठाकुर, भीमगढ़ चौकी प्रभारी मुरलीधर पटले, सरपंच,दोलत राम एवं सभी की भूमिका रही।

## सार-समाचार

### विशाल भगवा ध्वज शोभायात्रा का आयोजन आज




**गोटेगांव, देशबन्धु ।** प्रतिवर्ष अनुसार इस बर्ष भी श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर सेवा समिति द्वारा 30 मार्च रविवार को सुबह 9 बजें से बाइक में शोभायात्रा निकाली जाएगी ध्वज शोभायात्रा का शुभारंभ संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर शहर की जनता को नव वर्ष की बधाई देते हुए श्रीदेव ठाकुर बाबा मंदिर सराफा बाजार पेट्रोल पंप फुआरा चौक सिंधी कॉलोनी लिपटा श्रीराम मंदिर में खत्म होंगी सनातन धर्म के शौर्य एवं वीरता के प्रतीक भगवा ध्वज झंडे एवं भगवाधारी सनातनियों द्वारा हर्षोल्लास से नगर में विशाल शोभायात्रा संपन्न होगी।

### रथ यात्रा उत्सव का आयोजन आज से

**पीपलानारायणवार, देशबन्धु।** संतों की नगरी पीपला नगर में जय श्री वनदुर्गा मंदिर वार्ड 14 द्वारा सभी धर्म प्रेमी बंधु ओ को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित करते हैं कि परंपरा नुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर आज 30 मार्च से 06 अप्रैल तक भव्य रथयात्रा उत्सव मनाया जा रहा है जिस अंतर्गत 3 मार्च को गुरुवार को शाम 5:00 बजे से माता रानी की भव्य दिव्या रथ यात्रा निकल जाएगी। जो डिंडी झांकियां माता रानी का रत नगर भ्रमण किया जाएगा माता रानी के भक्ति अपने आंगनों में रंगोली डालकर स्वागत किया जाए । उत्सव में आने वाले श्रद्धालुओं के मनोरंजन हेतु आनंद मेले का आयोजन किया गया है उन सभी धर्म प्रेमियों बंधुओ से निवेदन है कि कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### अथर्व चौबे का सुयश



**गोटेगांव, देशबन्धु।** नगर की प्रतिष्ठित इंग्लिश मीडियम संस्थान गुरुकुल इंटरनेशनल हायर सेकेंडरी स्कूल गोटेगांव के छात्र *अथर्व चौबे* पिता डॉ जितेन्द्र चौबे ने कक्षा *आठवीं में 87.5त्न* प्राप्त कर विद्यालय एवं परिवार को गौरवान्वित किया है। विद्यालय परिवार एवं सभी शुभचिंतकों ने अथर्व चौबे की उज्जवल भविष्य की कामना की है।स्मरण हो कि अथर्व चौबे पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष एवं नगर पुरोहित पंडित जितेंद्र चौबे के सुपुत्र हैं।

# गोपालन संवर्धन को लेकर बैठक आयोजित

**गोटेगांव, देशबन्धु।** विगत दिवस शुक्रवार को जनपद पंचायत गोटेगांव के सभागार कक्ष में गौपालन संवर्धन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में गोशालाओं के संचालन, संसाधनों की उपलब्धता और संवर्धन के विभिन्न उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में मुख्य रूप से मणिनागेन्द्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदारसिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष आरती सतीश पटेल, उपाध्यक्ष जानकी दादूराम, देवनाथ पटेल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गोटेगांव, एसडीओपी गोटेगांव, थाना प्रभारी गोटेगांव, तहसीलदार गोटेगांव, पशु पालन विभाग गोटेगांव, आजीविका मिशन गोटेगांव, मनरेगा विभाग जनपद पंचायत गोटेगांव, कृषि विभाग गोटेगांव, वन विभाग गोटेगांव, विभिन्न गोशाला संचालक, बगासपुर, बेलखेड़ी शेड, बरहटा, लाठगांव, श्रीनगर, ठेमी, पिपरिया मवई, सिलारी, अकोला, बुधगांव, खापा, बावली सहित कई ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान गोशालाओं के संचालन, रखरखाव और विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। गोशाला विकास योजनाओं को प्राथमिकता देते हुए सभी संबंधित विभागों से समन्वय बनाकर कार्य करने की सहमति बनी। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने गोशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।



### बैठक में प्रमुख बिंदुओं पर हुई चचा

बोर्ड सदस्यों द्वारा वर्षभर गौशाला से संबंधित कार्यों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया गया। गौशालाओं में भूसे की उपलब्धता एवं उसकी पूर्ति के लिए किए जा रहे प्रयासों की समीक्षा की गई। प्रत्येक गौशाला में पालकों को नामांकित करने, अस्थायी सदस्यों को जोड़ने और दानदाताओं को जोड़ने पर जोर दिया गया। गौशालाओं में गोबर और गौमूत्र से संबंधित उत्पाद तैयार कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने की रणनीति पर चर्चा हुई। गौशाला संचालन में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और सामाजिक संगठनों के सहयोग को सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। तहसील स्तर पर मिनी अनुसंधान केंद्र स्थापित कर गौशालाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की योजना बनाई गई। तहसील स्तर पर समिति में अस्थायी सदस्यों को जोड़कर गौशाला पालकों की संख्या बढ़ाने का प्रस्ताव रखा गया।

# कन्या शाला में छठवीं से अंग्रेजी माध्यम

**सौसर, देशबन्धु।** नगर पालिका क्षेत्र में एकमात्र बालिका उच्चतर माध्यमिक शाला में कक्षा छठवीं और नवमीं से अंग्रेजी माध्यम में अध्ययन होगा। दोनों माध्यम में प्रवेश दिए जाएंगे, एकमात्र शाला होने के कारण बालिकाओं को अन्यत्र अंग्रेजी माध्यम में पढ़ने हेतु परेशानी होती है। नगर के पालकों और बालिकाओं की मांग को ध्यान में रखते हुए शाला प्रबंधन समिति द्वारा निर्णय



लिया गया है कि इस वर्ष से कक्षा छठवीं और नवमीं में अंग्रेजी के छात्राओं को प्रवेश दिया जाए।

हिंदी मीडियम में अध्यनरत छात्राओं जैसी ही सुविधा, अंग्रेजी माध्यम की बालिकाओं को दी जाएगी। इस वर्ष से कक्षा 11 वीं और 12 वीं में जेईई और एनईईटी की कक्षाएं भी समय-समय पर लगाई जाएगी। साथ-साथ में उनको शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाएगा।

कक्षा आठवीं में अध्यनरत बालिकाओं हेतु नेशनल मींस कम मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा एवं कक्षा दसवीं में अध्ययनरत बालिकाओं हेतु नेशनल टैलेंट सर्च एग्जामिनेशन की भी तैयारी की जावेगी, गणित में अध्ययनरत छात्राओं को जेईई एवं जीवविज्ञान लेकर पढ़ने वाली छात्रा हेतु एनईईटी की कक्षाओं का संचालन सत्र प्रारंभ से ही किया जाएगा। शाला में कैरियर सेल का भी गठन किया है।

भविष्य में बालिकाओं की क्षमता अनुरूप कैरियर चयन हेतु मार्गदर्शन किया जाएगा। जीवन कौशल, लघु उद्यम, स्टार्टअप, आईटी सेक्टर में आगामी संभावनाओं के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। इसलिए शाला की पोषक शालाएं शासकीय हाईस्कूल गोहठान, मर्राम, खांडसिवनी, निमनी तथा इस ग्राम में स्थित प्राथमिक शालाओं में भी शिक्षकों द्वारा छात्राओं व पालकों से संपर्क किया जा रहा है। एकअप्रैल से प्रवेश उत्सव के दरमियान बालिकाओं को प्रवेश दिया जाएगा तथा दो अप्रैल को भविष्य भेंट हेतु छात्राओं को मार्गदर्शन और उपहार भी प्रदान किए जाएंगे। संस्था की प्राचार्य भास्कर गांवडे एवं सभी शिक्षकों ने पालकों से बालिकाओं को शाला में प्रवेश देने हेतु अनुरोध किया है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान आज से

**सिवनी, देशबन्धु ।** शासन के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च से आरंभ किया जाएगा। इस अभियान में जल संवर्धन करने की दिशा में कलेक्टर संस्कृति जैन ने शुक्रवार को सम्बन्धित विभागों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने 30 मार्च से 30 जून तक चलने वाले महत्वाकांक्षी अभियान के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तर से निर्धारित विभागीय जिम्मेदारी की बेहतर रूप से निर्वाहन करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अभियान अंतर्गत किये जाने वाले जल संवर्धन कार्यों के सम्बंध में विभागों को निर्देशित किया है।

# जायसवाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने धीरज

**सौसर, देशबन्धु ।** अखिल भारतीय जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष राज किशोर मोदी के द्वारा सौसर निवासी धीरज जायसवाल को महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।



अखिल भारतीय जायसवाल महासभा की ओर से जारी हुए नियुक्ति पत्र में बताया है की महासभा के वरिष्ठ प्रदेश की बैठक में राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति में कर्मठ निष्ठावान जागरूक सकारात्मक विचारधारा वाले वरिष्ठ समाजसेवी को सम्मिलित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

जिसमें सौसर निवासी धीरज जायसवाल को 2025 से लेकर 2028 तक महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सर्वसम्मति से नियुक्त किया गया है। संस्था से जुड़े वरिष्ठ पदाधिकारी ने विश्वास किया है कि श्री जायसवाल के सानिध्य में महासभा कलचुरी समाज की सामाजिक चेतना विकास कल्याण एवं शक्तिशाली संगठन के रूप में उभर कर राष्ट्र की मुख्य धारा में सभा की बनाकर प्रगति के पद पर अग्रसर होगा ।

महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर धीरज जायसवाल ने महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए संगठन का विस्तार करने एवं समाज को एक सूत्र में बांधने के लिए आगामी समय में कार्य करने की बात कही है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त होने पर धीरज जायसवाल का सौसर जायसवाल समाज की ओर से स्वागत सत्कार बधाइयां दी गई।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 30 मार्च 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा, नक्षत्र- रेवती।**

**मेष**
कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे। मानसिक रूप से आप की एकाग्रता में कमी रहेगी।

**वृषभ**
गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। दोपहर के बाद रिश्तों में ज़रा संभलकर चलें।

क-

**मिथुन**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा।

**कर्क**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा।

**सिंह**
आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**कन्या**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है।

**तुला**
आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा।

**वृश्चिक**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

**धनु**
पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है।

**मकर**
आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**कुंभ**
आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है।खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

म.

# रामनवमी, चैत्र नवरात्र व ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**पिपलानारायणवार, देशबन्धु।** पीपला ना वार में रामनवमी चैत्र नवरात्र व ईद को लेकर पीपला चौकी में लोधीखेड़ा थाना प्रभारी ए बी मसकोले सर एवं पीपला चौकी प्रभारी मलावी उपस्थिति में शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई ।

बैठक में थाना प्रभारी ए बी मासकोले सर ने कहां की 30 मार्च से हिंदू नव वर्ष एवं नवरात्र शुरू हो रहा है 31 को ईद पिपला नगर में 3 अप्रैल को जय श्री नवदुर्गा मंदिर मंदिर वार्ड 14 से रथ यात्रा शाम :00 बजे निकाली जाएगी और शाम 10:00 बजे तक संपन्न होगा । अगर आयोजन समिति को कार्यक्रम के लिए मिले आदेश का पालन करना होगा उन्होंने बताया कि पर्व को पर्व की तरह मनाना चाहिए हऔर जो भी धार्मिक स्थल के पास जो भी नशे में दूत रहेगा उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी थाना प्रभारी मसकोले सर ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाये प्रशासन का सहयोग रहेगा बैठक के दौरान जगदीश त्रिवेदी, तेजराव गायकवाड, श्रीधर चरपे, बाबा दादी, दीपक जीचकार पंकज गेधनी सुरेश कोटे बापू ठाकरे हिमांशु चौधरी साबिर शेख फारूक शेख रामकृष्ण बोडे सभी ग्रामीण के लोग एवं कोतवाल पत्रकार शेषराव बीरे युवराज कांमडे पंकज मोरे आदि लोग उपस्थित थे।



### आगामी त्यौहार पर हुई चर्चा

**छपारा, देशबन्धु।** आगामी त्यौहार चैत्र नवरात्रि हिंदू नव वर्ष ईद उल फितर मीठी ईद त्योहार के मध्य नजर नगर के पुलिस थाना में शांति समिति की बैठक 28 मार्च को दोपहर 4:00 बजे से आयोजित की गई जिसमें एसडीओपी पुलिस लखनादौन अपूर्व भलावी, तहसीलदार छपरा नितिन चौधरी, नगर निरीक्षक खेमेन्द्र जैतवार वरिष्ठ एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की उपस्थिति में शांतिपूर्ण ढंग से आपसी सौहार्द के साथ त्यौहारों के आयोजन को लेकर शांति समिति के सदस्यों के साथ -साथ कार्यक्रमों के आयोजनकर्ताओं से त्यौहार के कार्यक्रमों की जानकारी संज्ञान लेकर व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया गया। वहीं त्यौहारों पर कार्यक्रमों में प्रशासन से अपेक्षित व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों से आग्रह किया गया ।

### सुरक्षा व्यवस्था, कानून व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** आगामी चैत्र नवरात्रि, रामनवमी, हनुमान जयंती, महावीर जयंती, झूलेलाल जयंती, अंबेडकर जयंती एवं ईद के मद्देनजर पुलिस थाना जुन्नारदेव में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था, कानून-व्यवस्था और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।



बैठक के दौरान एसडीओपी सोनम पाटिल, सीएमओ नेहा धुर्वे, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, सभी समिति सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं शहर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान त्योहारों में निकलने वाली शोभायात्रा का रूट चार्ट एवं आयोजन संबंधी समस्त जानकारियां पुलिस प्रशासन को देने संबंधी बात कही गई वहीं शांतिपूर्ण और सौहार्द वातावरण में त्योहार मनाने की बात अधिकारियों द्वारा कही गई।